आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.07.2025/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे

<u>आयुर्वेद सम्मेलन</u>

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का तीन दिन का राष्ट्रीय सम्म्लेन आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। यह आयोजन शल्य चिकित्सा के जनक माने जाने वाले सुश्रुत की जंयती पर किया जा रहा है। आज इस सम्मेलन के पहले दिन दस एंडोस्कोपिक लैप्रोस्कोंपिक सर्जरी का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। परपंरा और तकनीक के समागम वाले इस सम्मेलन में देश–विदेश के पांच सौ से अधिक चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और विद्वानों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन में आयुर्वेद के क्षेत्र में चिकित्सा में हुई प्रगति और उभरती शैलियों को दर्शया जाएगा।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज चंडीगढ़ जाने का कार्यक्रम है। वह आज दोपहर बाद तीन बजे शिमला से चंडीगढ़ के लिए रवाना होंगे। बरसात के कारण प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार से मदद मांगने के लिए मुख्यमंत्री कल दिल्ली जाएंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर सकते हैं ।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में मॉनसून सकिय बना हुआ है और राज्य में पिछले 24 घण्टों के दौरान व्यापक वर्षा हुई है। भारी बारिश से प्रदेश में सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिसके चलते सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त है। मौसम विभाग ने 18 जुलाई तक कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.....

<u>*हिमाचल प्रदेश में मानसून की लगातार वर्षा के बीच बीते 24 घंटों में मंडी जिले के मुरारी देवी क्षेत्र में सर्वाधिक 130 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि जिला हमीरपुर के अघ्घर में 100 मिलीमीटर और जिला कुल्लू के कोठी में 60 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की सूचना के अनुसार 20 जून को हिमाचल प्रदेश में दक्षिण पश्चिम मानसून के प्रवेश के बाद से अब तक बादल फटने की 22, फ्लैश फ्लड की 31 और भूस्खलन की 18 घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। इन आपदाओं से जनित हादसों में राज्य में अब तक 95 लोगों की मृत्यु हुई है, 175 लोग घायल हैं जबकि 33 लोग अभी भी लापता हैं। प्रदेश में 2 राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 250 अन्य संपर्क सड़कों पर यातायात अभी भी अवरुद्ध है। इसके अलावा 787 पेयजल योजनाएं और 327 बिजली ट्रांसफार्मर भी बाधित हैं। प्रशासन*</u> *द्वारा इनकी बहाली के प्रयास लगातार जारी हैं ।* रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला

## भूस्खलन

मंडी–पंडोह राष्ट्रीय राजमार्ग चार मील के समीप कल हुए भारी भूस्खलन के कारण अवरूद्ध हो गया है। प्रशासन ने सड़क को बहाल करने के लिए कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है।

## सुर्खियां समाचार पत्रों से

दैनिक जागरण का कहना है–सुक्खू जाएंगे दिल्ली, आपदा राहत के लिए मांगेंगे मदद। हिमाचल दस्तक लिखता है–सीएम सुक्खू ने लोगों से की आपदा राहत कोष में अंशदान देने की अपील।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में अब ग्रुप–ए को ही राजपत्रित अधिकारी का दर्जा। दिव्य हिमाचल लिखता है–हिमाचल में पढ़े बच्चे को ही अब स्टेट कोटा–राज्य की 602 एमबीबीएस सीटों के लिए जल्द आने वाला है काउंसिल शैडयूल। पंजाब केसरी का शीर्षक है–चंडीगढ़–मनाली नैशनल हाईवे पर पहाड दरका। दैनिक भास्कर की सुर्खी है– 11 साल बाद जुलाई में लाहौल में हिमपात मैदानों में 11 प्रतिशत ज्यादा बारिश, 9 डिग्री गिरा परा।